नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

तीसरा तल, बिस्कोमान भवन, गाँधी मैदान, पटना–800 001

वर्ष 2018 के स्नातकोत्तर की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा फार्म जमा करने सम्बन्धी सूचना

नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के **M.A./M.Sc./M.Com./MCA/MLIS/BLIS** के विगत् वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2018 की परीक्षा में बैठने हेतु परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि निम्न रूप में निर्धारित है । उन विद्यार्थियों का परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं होगा जो नियमन (Regulation) के तहत् समय निषिद्ध हो चुके हैं ।

Sl.No.	***Subject***	***Without Late Fine***
A.	M.A., M.Sc., M.Com., MJMC, MCA, Part-I, MLIS & BLIS	09.03.2018 से 28.03.2018 तक
B.	M.A., M.Sc., M.Com., MJMC, Part-II & MCA, Part-II & Part-III	31.03.2018 से 20.04.2018 तक

वर्ष 2010 में नालन्दा खुला विश्वविद्यालय परीक्षा नियमावली में हुये संशोधन के अनुसार ही परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी, परन्तु MLIS एवं BLIS के सभी अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को सभी पत्रों की परीक्षा देनी होगी ।

वर्ष 2018 की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए तीन विधियाँ निर्धारित की गयी हैं :–

(i) ऑनलाईन **(Online)** : जिसके अन्तर्गत विद्यार्थी को नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के Website: www.nalandaopenuniversity.com पर दिए गए लिंक के माध्यम से परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा करना होगा । इस विधि के अन्तर्गत परीक्षा शुल्क भी ऑनलाईन ही जमा होगा, बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा नहीं होगा ।

(ii) ऑफलाईन **(Offline) :** जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों को विहित प्रपत्र में परीक्षा आवेदन पत्र सीधे मुख्यालय काउन्टर, पटना में जमा करना होगा । विहित आवेदन पत्र 1000/– रुपये (परीक्षा शुल्क) का बैंक ड्राफ्ट, जो नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के नाम देय हो, अथवा SBI Collect के माध्यम से Online जमा किए गये परीक्षा शुल्क की रसीद, को हाथों–हाथ जमा कर नालन्दा खुला विश्वविद्यालय मुख्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।

(iii) वैसे विद्यार्थी जो विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर या आनलाइन फॉर्म जमा करने में असमर्थ हैं वे नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के वेबसाईट से फॉर्म डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर एवं उसपर अपना हस्ताक्षर कर 1200/– रूपयों के बैंक ड्राफ्ट, अंकपत्र एवं एडमिट कार्ड की छायाप्रति के साथ, फॉर्म डाक के माध्यम से, निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं । डाक के माध्यम से भेजे गये फॉर्म पर विद्यार्थी द्वारा किया गया हस्ताक्षर, अगर नामांकन के समय विद्यार्थी द्वारा किये गये हस्ताक्षर से भिन्न पाया जाता है या परीक्षा फॉर्म निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होता है तो परीक्षा फॉर्म अस्वीकृत हो जायेगा । ऑनलाईन एवं डाक के माध्यम से परीक्षा फार्म जमा करने वाले विद्यार्थी दिनांक 28.03.2018 (क्र०सं० **A.** के लिए) तथा दिनांक 20.04.2018 (क्र०सं० **B.** के लिए) तक अपना एडमिट कार्ड, सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका, सत्रीय कार्य प्रश्नावली एवं लिफाफा विश्वविद्यालय मुख्यालय से प्राप्त कर सकेंगे ।

विद्यार्थीगण कृपया ध्यान दें कि परीक्षा शुल्क में सत्रीय कार्य उत्तरपुस्तिका का चार्ज भी शामिल है । द्वितीय परीक्षा, 2017 से निष्कासित परीक्षार्थी, 2018 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे । हाथो–हाथ परीक्षा फार्म जमा करने वाले अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म जमा करने के समय वार्षिक परीक्षा का अंक–पत्र, एडमिट कार्ड एवं एक पासपोर्ट साइज कलर फोटोग्राफ लाना अनिवार्य होगा । स्वहस्तलिपि में, स्वहस्ताक्षरित तथा पूर्ण रूप से भरा हुआ परीक्षा फार्म हीं स्वीकार किया जायेगा । ऐसा नहीं करने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा । परीक्षा फार्म जमा करने की विस्तृत क्रियाविधि एवं आवश्यक शर्त्तों की जानकारी के लिए नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के Website का संदर्भ अवश्य करें ।

कुलसचिव (प०)